दिन–गुरूवार | दिनांक– 10 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में बारिश के दौरान तूफान और वज्रपात की घटनाओं में कम से कम चौबीस लोगों की मौत। नालंदा में सबसे अधिक अठारह लोगों की मौत।

02. राज्य के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

03. सर्वोच्च न्यायालय सोलह अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

04. और, जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है।

---

प्रदेश में बारिश के दौरान तूफान और वज्रपात की घटनाओं में कम से कम चौबीस लोगों की मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि नालंदा जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में अठारह लोगों की मौत हो गयी।

–––रिपोर्ट–––

तेज आंधी और बारिश के कारण जिले में भीषण तबाही हुयी है। जिलाधिकारी शंशांक शुभंकर ने बताया कि बारिश से जुड़ी अलग–अलग घटनाओं में अठारह लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में देवी स्थान के पास एक विशालकाय पीपल का पेड़ और मंदिर की दीवार गिर गयी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव में एक वृद्ध महिला और उसके दो पोते एक पुल के नीचे बारिश से बचने के लिए खड़े थे, तभी पुल की दीवार गिर गयी। इस हादसे में तीनों की मौत हो गयी। वहीं, रहुई और सिलाव में दो–दो, जबकि वेन और गिरियक में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इधर, मुजफ्फरपुर में आंधी के दौरान पेड़ गिरने से एक बुजुर्ग की दबकर मौत हो गयी। दूसरी तरफ, जहानाबाद जिले के घोसी में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं, जिले के मखदुमपुर प्रखंड में आंधी के कारण बिजली का एक खंभा गिर गया। इस हादसे में एक बच्चे की दबकर मौत हो गयी। इधर, अररिया जिले के भरगामा प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर दक्षिण पंचायत में एक घर पर

बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी तरफ, बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में ठनका गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। मुंगेर जिले के लड़ैयाटाढ़ थाना क्षेत्र के नंदनी खजुरिया बहियार में वज्रपात की घटना में एक बच्ची की मौत की खबर है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारिश के दौरान हुयी मौतों पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम में सतकर्ता बरतने और घर में रहने की अपील की है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब के क्षेत्र ओर एक चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। राजधानी पटना और आस–पास के हिस्सों में आज तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुयी है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य में तेज हवा, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में सबसे अधिक एक सौ सोलह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, सुपौल में एक सौ दस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुयी है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के लिए अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधुबनी, सीतामढी, शिवहर, गोपालगंज, सीवान, बक्सर, कैमूर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि बारिश के कारण गेहूं और मक्के की फसल को व्यापक क्षति हुयी है। साथ ही आम और लीची की फसल को भी नुकसान हुआ है।

---

सर्वोच्च न्यायालय सोलह अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। केंद्र ने कल इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट पिटीशन दाखिल किया है। कैविएट पिटीशन वादी यह सुनिश्चित करने के लिए दाखिल करता है कि बिना उसका पक्ष सुने उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया जाए।

---

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बिहार में पिछले दस वर्ष में उनतीस लाख से अधिक खाते खोले गये हैं। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में भारतीय स्टेट बैंक, पटना के प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अरूण कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश में बाईस हजार करोड़ से अधिक की राशि लोन के माध्यम से वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना से प्रदेश में चार करोड़ के अधिक महिला उद्यमियों ने ऋण प्राप्त किया।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण में अबतक तिहत्तर लाख इकसठ हजार से अधिक परिवार चिन्हित किये गये हैं। सर्वेक्षण में ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है, जो आवास विहीन हैं या कच्चे मकान में रहते हैं। यह सर्वेक्षण तीस अप्रैल तक चलेगा। तीस अप्रैल के बाद चिन्हित परिवारों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ग्राम सभा से अनुमोदन लेकर लाभुकों की अंतिम सूची जारी की जायेगी।

---

केंद्र ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। एक रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

इस योजना अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार पर वर्ष 2025–26 में 954 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी। केंद्र सरकार सामग्री लागत के अलावा, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। सरकार खाद्यान्न की 100 प्रतिशत लागत वहन करती है। इसमें लगभग नौ हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की सब्सिडी और भारतीय खाद्य निगम डिपो से स्कूलों तक खाद्यान्न की 100 प्रतिशत परिवहन लागत शामिल है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से राजेश कुमार मीणा।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर दिया है। हरेक समिति में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत पंद्रह सदस्य नामित किये गये हैं। कैबिनेट सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में गंगा नदी के किनारे बने जे.पी. गंगा पथ के कंगनघाट से दीदारगंज तक विस्तारित खंड का लोकार्पण किया। इस पर लगभग तीन हजार आठ सौ इकतीस करोड़ रूपये की लागत आयी है। अब जे.पी. गंगा पथ पर वाहनों का परिचालन दीघा से दीदारगंज तक शुरू हो गया है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बेगूसराय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। आज पटना में दिनकर शोध संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जल्द ही बातचीत करेंगे।

---

होम्योपैथ के जन्मदाता सैमुएल हानीमैन की जयंती आज विश्व होम्यापैथ दिवस के रूप में मनायी जा रही है। बिहार में पहली बार हानीमैन जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर राजधानी पटना में आयोजित मुख्य समारोह में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर होम्योपैथ को बढ़ावा देने वाले चिकित्सकों और अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में जल्द ही दूसरा होम्योपैथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोला जाएगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे ने कहा है कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौबे ने कहा कि नीतीश कुमार लंबे समय तक एनडीए के संयोजक रह चुके हैं और अभी वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

---

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की पलायन रोको–नौकरी दो पद यात्रा आज पटना पहुंची। इस यात्रा का कल समापन होगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कल पद यात्रा करते हुए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपने का प्रयास करेंगे।

---

राजधानी पटना में लोक निजी भागीदारी के आधार पर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना शुरू की जायेगी। नगर विकास और आवास विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि परियोजना के तहत पटना नगर निगम के अलावा ग्यारह नगर निकायों के ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने पहली बार किसी राज्य को अनुदान प्रदान किया है।

---

नीट यूजी पेपर लीक मामले में फरार चल रहे परीक्षा माफिया संजीव मुखिया पर राज्य सरकार ने तीन लाख रूपये ईनाम की घोषणा की है। आर्थिक अपराध इकाई के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गृह विभाग ने संजीव मुखिया के ऊपर ईनाम रखने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। संजीव मुखिया के ऊपर नीट समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक कराने का आरोप है।

---

सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ पटना सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इन सभी पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का आरोप है।

---

चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देश भर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। इसे महावीर जन्म कल्याणक के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर वैशाली और नालंदा के कुंडलपुर में विशेष पूजा की गई। कुंडलपुर के दिगंबर जैन मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच भगवान महावीर की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक भी किया गया। भगवान महावीर के परिनिर्वाण स्थल नालंदा के पावापुरी में भी तीर्थंकर की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर जैन श्रद्धालुओं ने आज सुबह शोभा यात्रा निकाली। वहीं, वैशाली में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महावीर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

मणिपुर में आयोजित अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बिहार के अनिकेत साहिल ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने दो सौ अठारह किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की है। अनिकेत साहिल राज्य खेल अकादमी, राजगीर के प्रशिक्षु हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश में बारिश के दौरान तूफान और वज्रपात की घटनाओं में कम से कम चौबीस लोगों की मौत। नालंदा में सबसे अधिक अठारह लोगों की मौत।

02. राज्य के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

03. सर्वोच्च न्यायालय सोलह अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

04. और, जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।